भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †207
सोमवार, 04 दिसम्बर, 2023/13 अग्रहायण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

इको और वन्यजीव सर्किट के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाएं

†207. डॉ. निशिकांत दुबे:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) झारखंड राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के इको और वन्यजीव सर्किट के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत स्वीकृत, आवंटित और उपयोग की गई निधि का परियोजना-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त योजना के अंतर्गत परियोजना/निधि के उपयोग में कोई विलंब हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो परियोजना-वार इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय (एमओटी) ने 30.44 करोड़ रु. की संशोधित स्वीकृत लागत से वर्ष 2018-19 में स्वदेश दर्शन योजना (एसडीएस) की ईको परिपथ थीम के तहत झारखंड में 'डलमा - बेतला राष्ट्रीय उद्यान - मिरचैया - नेतरहाट का विकास' नामक एक परियोजना को स्वीकृति दी है। इस परियोजना को पूरा करने की संशोधित समय-सीमा दिसम्बर, 2023 है। इस परियोजना के संबंध में पर्यटन मंत्रालय ने 28.83 करोड़ रु. की राशि जारी की/की निकासी हेतु प्राधिकृत किया जिसमें से 27.35 करोड़ रु. की राशि का उपयोग राज्य कार्यान्वयन एजेंसी (एसआईए) द्वारा किए जाने की सूचना मिली है। पर्यटन मंत्रालय ने एसडीएस के अंतर्गत झारखंड में वन्यजीव थीमेटिक परिपथ के तहत किसी भी परियोजना को स्वीकृति नहीं दी है।

*****